न्यायालय अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर
पीठासीन अधिकारी जसवन्त सिंह आर.ए.एस

अपील संख्या 69/2025 एल आर एक्ट (GCMS **No 2025/ 72**)

अनवान जैतून बनाम सायरा बानो, वगैरह

अपील विरूद्व आदेश– जिला कलक्टर चूरू, अपील सं. 70/2025 दिनांक 17.02.2025

तारीख	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियन्स जज	नम्बर व तारीख अहकाल जो इस हुक्त की तामील में जारी हुऐ
26.09.2025	अभिभाषक अपीलान्ट श्री दुर्गेश नन्दन ने प्रार्थना पत्र पेश कर पत्रावली आज तारीख पेशी में ली जाकर अपील विड्रो करने का निवेदन किया। पत्रावली आज तारीख पेशी में ली जाकर प्रार्थना पत्र पर अभिभाषक अपीलान्ट को सुना गया। अभिभाषक अपीलान्ट ने बहस के दौरान कथन किया कि उक्त प्रकरण में अपील कर्ता एवं प्रतिवादी के मध्य आपसी सहमति एवं लोक अदालत की भावना से राजीनामा हो गया है। अपीलार्थी अब अपील को आगे नही चलाना चाहती है, अपील विड्रो करना चाहती है। अतः अपील विड्रा निस्तारित किया जावें। हमने विड्रा प्रार्थना पत्र एव पत्रावली का अवलोकन/ विश्लेषण किया। अभिभाषक अपीलान्ट एवं स्वय अपीलान्ट इस अपील को आगे नही चलाना चाहती है, अतः विड्रा प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अपील अपीलान्ट जरिये विड्रावल खारिज की जाती है। आदेश की प्रमाणित प्रति के साथ अधीनस्थ न्यायालय का रिकार्ड लौटाया जावे। पत्रावली नम्बर से कम होकर सुव्यवस्थित रखी जावे। आदेश खुले न्यायालय मे सुनाया गया। अतिरिक्त संभागीय आयुक्त बीकानेर	